**भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़**
**मानव संसाधन प्रबंध विभाग**
**भर्ती अनुभाग**
**विज्ञापन संख्या 01/2014-15**

**भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ में सुरक्षा गार्डों की भर्ती**

बैंक के चंडीगढ़ कार्यालय में श्रेणी-IV में सुरक्षा गार्ड के पदों की भर्ती के लिए तैयार की जाने वाली प्रतीक्षा सूची में सूचीबद्ध होने के लिए निर्धारित किए गए पात्रता के मानदंडों(नीचे दिए गए) को पूर्ण करनेवाले भारतीय नागरिकों, जो पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के रहने वाले हैं से एतद्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**1. भर्ती का क्षेत्र : पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़**

**2. पद तथा पात्रता :**

**<u>रिक्तियों का संवर्ग-वार वितरण</u>**

| पद | रिक्तियों की संख्या | अनारक्षित रिक्तियां | आरक्षित रिक्तियां | | | शैक्षिक अर्हताएं | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जाति (अजा) | अनुसूचित जनजाति (अजजा) | अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) | न्यूनतम | अधिकतम |
| सुरक्षा गार्ड | 05 | 03 | -- | -- | 02 | 10वी कक्षा उत्तीर्ण | स्नातक-पूर्व |

टिप्पणी: बैंक के पास अपनी आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/ कम करने अथवा रिक्तियों को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

उम्मीदवार द्वारा निम्नलिखित शर्तें पूर्ण करना जरूरी हैं

**(टिप्पणी: केवल भूत-पूर्व सैनिक पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।)**

क**. शैक्षिक अर्हताएं :**

- न्यूनतम 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण। अधिकतम स्नातक पूर्व। स्नातक / डिग्री प्राप्त आवेदन के पात्र नहीं हैं।
- शिक्षा का सेना विशेष शिक्षा प्रमाणपत्र उत्तीर्ण भूतपूर्व सैनिक मेट्रिकुलेट माना जाएगा। हालांकि मैट्रिकुलेट भूतपूर्व सैनिक जिन्हें रक्षा सेवा में 15 साल का अनुभव है, उन्हें स्नातक माना जाएगा, फिर भी वे आवेदन करने के लिए पात्र हैं। उक्त शैक्षिक अर्हता सैनिक के सेवानिवृत्ति पुस्तिका में प्रविष्टि की गई हो तथा आवश्यक प्रमाणपत्र से समर्थित हो।
- यदि कोई प्रमाणपत्र उपलब्ध न हो तो अभ्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने सैनिक सेवानिवृत्ति पुस्तिका में आवश्यक परांकन कराने की व्यवस्था करें। (सैनिक सेवानिवृत्ति पुस्तिका में उल्लिखित सेवा परीक्षा तथा विशेष सेवा / पाठ्यक्रम आदि विशेष अर्हता बैंक के लिए कोई संबंध नहीं रखता।)
- अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे साक्षात्कार के समय मूल प्रमाणपत्र इत्यादि प्रस्तुत करें। किसी भी परिस्थिति में लेमिनेट किए गए प्रमाणपत्र बैंक द्वारा स्वीकृत नहीं किए जाएंगे।

**ख. आयु सीमा :**

पद के लिए निचली तथा ऊपरी आयु सीमा 01 जनवरी 2015 को क्रमश: 18 तथा 25 वर्ष है। तथापि निम्नलिखित के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के पात्र हैं :

**i)** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष तथा अनय पिछडे वर्ग के लिए 3 वर्ष।

**ii)** भूतपूर्व सैनिक अभ्यार्थियों को 45 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा के अधीन उनके द्वारा सशस्त्र सेनाओं में की गई सेवा के वर्षों के अलावा 3 वर्ष।

**iii)** 01.01.1980 तथा 31.12.1989 के बीच जम्मू तथा कश्मीर से विस्थापित व्यक्तियों के 5 वर्ष की छूट।

आयु सीमा में छूट के संबंध में अभ्यार्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र पस्तुत करना होगा ।

**ग. अनुभव:** सेना में उचित अनुभव वाले भूतपूर्व सैनिक ही केवल पात्र है। उम्मीदवारों को सेना में शस्त्र तथा गोला बारूद चलाने का अनुभव होना चाहिए।

**3. कार्य की अपेक्षाएं:**

1. बैंक की संपत्ति की सुरक्षा करना और चंडीगढ़ कार्यालय में रखवाली से संबंधित चौबीस घंटे निगरानी ड्युटियां करना।

2. बैंक के प्रवेश द्वार पर सामान की जांच करने के लिए एक्स रे मशीन/ डीएफएमडी चलाना तथ बैंक द्वारा निर्दिष्ट किए गए अन्य संबद्ध कार्य।

3. सुरक्षा गार्डों को रात की शिफ्ट सहित शिफ्ट में कार्य करना होगा।

**4. वेतन तथा भत्ते:** रु. 6350-220-7230-260-8010-300-8910-400-9710-500-11710-680-13750(20 वर्ष) के वेतनमान में रु6350/- रुपये प्रति माह का प्रारंभिक वेतन तथा समय- समय पर स्वीकार्य भत्ते। विज्ञापन जारी करने के समय प्रारंभिक वेतनमान में कुल परिलब्धियां रु16,215/-रुपये प्रति माह (लगभग) होंगी।

**5. सामान्य महत्वपूर्ण अनुदेश:**

**क)** अभ्यार्थी पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के भर्ती अंचल का रहने वाला हो। **ख)** केवल स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र/ अंतरण प्रमाण पत्र/ अधिवास प्रमाण पत्र/ म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा जारी किए गए जन्म प्रमाणपत्र पर रिकार्ड की गई जन्म तारीख को ही आयू का प्रमाण माना जाएगा।

**ग)** भूत-पूर्व सैनिक जिन्होंने या तो सैनिक सेवा को छोड़ने से पूर्व अथवा बाद में भर्ती क्षेत्र के बाहर से अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण की हो पात्र है।

**घ.**) भारत सरकार द्वारा यथा अधिसूचित भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा प्रत्याशियों की सूचना और लाभ के लिए नीचे दी जा रही है:

**“ भूतपूर्व सैनिक का अर्थ है वह व्यक्ति जिसने भारतीय संघ की सामान्य सेना, नौसेना तथा वायु सेना में किसी भी पद (लडाकू अथवा लड़ाकू से इतर के रूप में) पर कार्य किया है लेकिन इसमें वह व्यक्ति शामिल नहीं होगा जिसने डिफेंस सेक्यूरिटी कॉर्प्स, जनरल रिज़र्व इंजिनियरिंग फॉर्स, लोक सहायक सेना तथा अर्द्धसैनिक दल (पैरा मिलिटरी फॉर्स में काम किया है और जो ऐसी सेवा से अपना पेंशन अर्जित करने के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं अथवा जिन्हें मिलिटरी सेवा से संबद्ध अथवा उनके नियंत्रण के बाहर की परिस्थितियों के कारण चिकित्सकीय आधार पर ऐसी सेवा से**

**कार्यमुक्त किया गया हो और चिकित्सकीय अथवा अन्य विकलांगता पेंशन प्रदान किया गया है अथवा जिसे उसके अपने अनुरोध के बिना संस्थान में कटौती के परिणामस्वरूप सेवा मुक्त किया गया हो अथवा जिसे उसके अपने अनुरोध के बिना नियोजन की विशिष्ट अवधि समाप्त होने के बाद सेवा मुक्त किया गया हो अथवा दुराचार अथवा अक्षमता के कारण सेवा से हटा दिया अथवा सेवामुक्त कर किया गया हो और जिन्हें उपदान दिया गया हो तथा इसमें प्रदेशिक सेना के कार्मिकों के निम्नलिखित संवर्ग शामिल होते हैं:**

i. **निरंतर सम्मिलित सेवा (एम्बॉडिड सर्विस) के लिए पेंशन प्राप्त करने वाले;**
ii. **मिलिटरी सेवा के कारण हुए विकलांग व्यक्ति;**
iii. **शौर्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति;"**

**च**) जनवरी 01, 2012 को या उसके बाद बैंक में नियुक्त कर्मचारियों को परिभाषित योगदान "न्यू पेंशन स्कीम" द्वारा संचालित किया जाएगा.

**6. चयन प्रक्रिया :**

**क.** पात्र उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा तथा/ अथवा साक्षात्कार द्वारा किया जाएगा। योग्य पाए गए उम्मीदवारों को रिक्तियों तथा आरक्षण अपेक्षाओं के अधीन तैयार की जाने वाली प्रतीक्षा सूची में शामिल किया जाएगा।

**ख.** केवल पात्रता के मानदंडों को पूरा करने से उम्मीदवार लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए पात्र नहीं होते हैं। **बैंक के पास रिक्तियों की संख्या के अनुपात में/ अनुरूप लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार में बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को प्रतिबंधित करने के लिए पात्रता के न्यूनतम मानकों/ मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा।**

**7. आवेदन कैसे करें**

क) उम्मीदवारों को इसके साथ प्रकाशित किए गए आवेदन के निर्धारित फॉर्मैट में आवेदन करना चाहिए। किसी अन्य फार्मेट में किया गया आवेदन **अस्वीकार** किया जा सकता है।

ख) इसके साथ प्रकाशित किए गए आवेदन फॉर्म के फॉर्मैट का ही आवेदन के रूप में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। आवेदन के लिए ऐ-4 शीट (29.7 सेंटिमिटर x 21 सेंटिमिटर) का प्रयोग किया

जाए। आवेदन अधिमानत: टंकित होना चाहिए अथवा हिंदी/ अंग्रेजी (ब्लॉक/बड़े अक्षरों में) पंजाबी में सुवाच्य अक्षरों में हाथ से लिखा गया होना चाहिए।

ग) आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों से समर्थित किया जाना चाहिए:

- आयु तथा शैक्षिक अर्हताओं से संबंधित सभी संबंधित दस्तावेजों/ प्रमाणपत्रों की अभिप्रमाणित प्रतिलिपियां। **(आवेदन के साथ कोई भी मूल प्रति नहीं भेजी जाएगी)।**
- पासपोर्ट आकार(3 सेंटीमीटर x 2.5 सेंटीमीटर) का अद्यतन हस्ताक्षरित फोटोग्राफ आवेदन के ऊपरी हिस्से में दाहिने कोने में लगाया जाए।
- अजा/ अजजा/ ओबीसी के उम्मीदवारों के मामले में सक्षम प्राधिकारी से संबंधित प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि।
- सशस्त्र सेना द्वारा जारी किए गए उन्मोचन प्रमाणपत्र/ सर्विस बुक की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि।

घ) "**सुरक्षा गार्ड के पद के लिए आवेदन**" लिखे गए लिफाफे में यह आवेदन केवल **<u>साधारण डाक</u>** से भेजा जाए अथवा शनिवार, रविवार तथा छुट्टी के दिन को छोड़कर सप्ताह के दिन सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक भारतीय रिज़र्व बैंक, सेंट्रल विस्टा, सेक्टर 17, चंडीगढ़- 160017 के स्वागत कक्ष में रखे बॉक्स में डाले जा सकते हैं। आवेदन क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, मानव संसाधन प्रबंध विभाग, भर्ती अनुभाग, सेंट्रल विस्टा, सेक्टर17, चंडीगढ़-160017 को संबोधित हों।

ड) एक लिफाफे में केवल एक उम्मीदवार का आवेदन होना चाहिए।

च) कोई भी आवेदन व्यक्तिगत रूप में प्राप्त नहीं किया जाएगा और न ही उसकी कोई पावती दी जाएगी।

**8. अपात्रता**

- गंभीर शारीरिक रूप से विकलांग/अक्षम भूतपूर्व सैनिक जो कि ड्यूटी का उत्तरदायित्व नहीं निभा सकता हो पद के लिए पात्र नहीं होंगे।
- सुरक्षा गार्ड के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे निर्दिष्ट तारीख को अपेक्षित किए गए अनुसार विज्ञापन में उल्लिखत पात्रता के मानदंड़ों को सभी मामलों में पूरा करते है।

- किसी भी प्रकार से अधूरे और/अथवा संबंधित दस्तावेजों/ प्रमाणपत्रों के बिना और/अथवा विलंब से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। बैंक के पास भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर कोई भी कारण दिए बिना किसी भी आवेदन/ उम्मीदवार को अस्वीकार करने के अधिकार सुरक्षित हैं।

**9. समाप्ति की तारीख**

सभी मामलों में पूर्ण आवेदन उपर्युक्त पते पर बैंक के कार्यालय में फरवरी 16, 2015 तक पहुंचने चाहिए।

**10. चेतावनी**

i) जिन उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए पात्र/ विचार में नहीं लिया गया है उनके साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**ii) किसी भी रूप में किए गए अनुयाचन को अपात्रता/अयोग्यता माना जाएगा**: उम्मीदवार द्वारा अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने के लिए किए गए किसी भी प्रकार के प्रयास जैसे तैयार किए गए झूठे दस्तावेज, झूठे अथवा गलत वक्तव्य करना, भौतिक जानकारी छिपाना, अपनी उम्मीदवारी के संबंध में अनियमित अथवा अनुचित पद्धति अपनाना आदि उसे अपात्र अथवा अयोग्य पाए जाने का कारण बनेंगे। यदि कोई अनैतिक/ विवेकहीन व्यक्ति अनुचित माध्यमों से किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान करने का दावा करता हो तो निम्नलिखित में से किसी के पास शिकायत दर्ज करें:

क) शिकायत निवारण कक्ष, भारतीय रिज़र्व बैंक, मानव संसाधन प्रबंध विभाग, सेंट्रल विस्टा, सेक्टर 17, चंडीगढ़ -160017

ख) केंद्रीय सतर्कता आयोग, सतर्कता भवन, ब्लॉक ए, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023,

भारतीय रिजर्व बैंक, चंडीगढ़ में श्रेणी IV में **सुरक्षा गार्डों की भर्ती** हेतु आवेदन

(विज्ञापन संख्या 1 /2014-15) दिनांक

हालका (3 सेंमी X 2.5 सेंमी) आकार का हस्ताक्षरित फोटो चिपकाएं .

## सुरक्षा गार्ड के पद हेतु आवेदन

**<u>आवेदन के साथ मूल प्रमाणपत्र संलग्न न किए जाएँ</u>**

1.पूरा नाम उपनाम नाम पिता का नाम

क.आवेदक

ख. पिता :

2. पत्राचार हेतु पूरा पता: (पिन कोड सहित)

3.जन्म तिथि : क)____________ ख) आयु: जनवरी 01, 2015 को वर्ष .________ महीने _______

(विद्यालय छोडने के प्रमाण पत्र में अंकित)

4.शैक्षिक आहर्ता: जनवरी 01, 2015

(उतीर्ण किया गया स्तर) (प्राप्त अंक) (कुल अंक) प्रतिशत

5.आखिरी शिक्षा प्राप्त संस्था का नाम, स्थान/ राज्य

नाम :__________________________________

स्थान ___________________ राज्य _________________

6. स्शस्त्र सेना में की गई सेवा के ब्योरे :

क.सेना का नाम जिसमें सेवा की गई :

ख.स्शस्त्र सेना में भर्ती की तिथि :

ग.स्शस्त्र सेना छोडने की तिथि:

घ. सेवा की अवधि:
(वर्षों में)

ङस्शस्त्र सेना/ अन्य पात्र सेना से कार्यमुक्त होने की तिथि (लागू को चिन्हित करें)

i. क्या सेवा पेंशन अर्जन उपरांत सेवानिवृति हुए: हाँ/ न/ लागू नहीं

अथवा

-चिकित्सा आधार पर कार्यमुक्त हुए तथा चिकित्सा/ अन्य अपंगता पेंशन प्राप्त हैं : हाँ/ न/ लागू नहीं

अथवा

-संस्था में कर्मचारियों में कटौती के कारण( स्वयं के अनुरोध के अतिरिक्त): हाँ/ न/ लागू नहीं

अथवा

-अनुबंध की निर्धारित अवधि पूरी होने के उपरांत कार्यमुक्त (स्वयं के अनुरोध के बिना/कदाचार अथवा अक्षमता के कारण पदच्युत तथा अनुदान प्राप्त ): हाँ/ न/लागू नहीं

अथवा

-सेवा की अवधि पूर्ण होने से पहले स्वयं के अनुरोध पर तथा सेवा पेंशन प्राप्त कर रहे हैं: हाँ/ न/लागू नहीं

ii. बैंकिंग संस्थानों/सरकारी कार्यालय से कम से कम 1 वर्ष की सेवा के उपरांत छंटनी वाले भूतपूर्व सैनिक: हाँ/ न/लागू नहीं

iii. जम्मू तथा कश्मीर से विस्थापित भूतपूर्व सैनिक: हाँ/ न/लागू नहीं

7.श्रेणी:

(उचित बाक्स में सही का निशान लगाएँ )

| | | | |
|---|---|---|---|
| अजा | अजजा | अपीव | समा |

8. खेलकूद/ पाठयोतर गतिविधियों में दक्षता यदि कोई हो

| |
|---|
| |

9: भाषा का ज्ञान: ____________________________________________

**घोषणा**

मैं घोषणा करता हूँ कि उल्लिखित सभी जानकारी व व्यौरे सत्य व सही है। मैं यह समझता हूँ कि नियुक्ति से पूर्व किसी चरण पर यदि कोई सूचना अपूर्ण/ गलत/झूठी अथवा भ्रामक पाई गई तो मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है और यदि नियुक्ति की जाती है तो मेरी नियुक्ति बिना किसी नोटिस व अनुकंपा के समाप्त की जा सकती है। मैं यह भी समझता हूँ कि मेरी उम्मीदवारी पर विज्ञापन में निर्दिष्ट मानदंडों / शर्तानुसार विचार किया जाएगा।

स्थान:____________________

दिनांक: _____________________ आवेदक के हस्ताक्षर